तापमान
अधिकतम 39 .50 डिग्री से.
न्यूनतम 29 .5 डिग्री से.

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

11 गुरु हरगोबिंद सिंह को जयंती पर किया नमन

12 स्वस्थ जीवन और मानव कल्याण का आधार है योग


## खबर संक्षेप

### 9 शोधार्थी पीएचडी के लिए पात्र घोषित

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के नौ शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान किए जाने के लिए पात्र घोषित किया गया है। परीक्षकों के बोर्ड और संबंधित शोध समितियों की अनुशंसा के आधार पर विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी की है। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सभी शोधार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शोध किसी भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रतिष्ठा का आधार होता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान समाज, उद्योग और राष्ट्र की चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पात्र घोषित शोधार्थियों में योगेश, गुंजन, प्रवीन कुमारी, पूजा कुमारी, कपिल कुमार, नितिन गोयल, सुमित कुमार, मुकेश कुमार और पूजा शामिल हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान ज्ञानेंद्र निवासी हरदोई (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 27 मई को दर्ज शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर उसके बयान दर्ज कराए और काउंसलिंग करवाई। पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले में पोक्सो अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गईं। इसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### अवैध देशी पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार




**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में गांव रूखी निवासी रविंद्र उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद की है। उप निरीक्षक अमित अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि आरोपित अवैध हथियार लेकर गांव छिछड़ाना की ओर से रूखी आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# मानसून से पहले ही शहर में जलभराव का संकट, करोड़ों खर्च फिर भी सड़कें बदहाल

**15 एमएम बारिश ने धो डाले लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, हुडा और मार्केटिंग बोर्ड के दावे**

सड़कों और निकासी पर दो साल में 150 करोड़ खर्च, फिर भी बदहाल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरिभूमि सरोकार

मानसून से पहले हुई पहली तेज बारिश ने शहर की सड़कों और जल निकासी व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। देर रात से सुबह तक हुई करीब 15 एमएम बारिश के बाद शहर के अनेक क्षेत्रों में जलभराव हो गया, जबकि कई सड़कों पर बने गड्ढों और उखड़ते पेंचवर्क ने वाहन चालकों और राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी। शहरवासी प्रशासन के दावों पर सवाल उठा रहे हैं।

नरेश कुमार, प्रवीण कुमार, सूरज, संदीप, अशोक, दीपक, संजय ने मानसून से पहले नालों की सफाई और सड़कों की मरम्मत के दावे किए गए थे, लेकिन पहली ही बारिश में व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। जलभराव के कारण कई स्थानों पर सड़कें और अधिक क्षतिग्रस्त हो गईं तथा गड्ढे वाहन चालकों के लिए खतरा बन गए। जानकारी के अनुसार पिछले दो वर्षों में जिले की सड़कों और निकासी व्यवस्था पर विभिन्न विभागों द्वारा 150 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। इसके बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी उन्हें बेहतर सड़क और जल निकासी सुविधा नहीं मिल पा रही है। उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जिले में मौसम सुहावना हो गया है। बारिश के बाद अधिकतम तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी 100 से नीचे पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 14 जून तक बारिश की संभावना बनी हुई है, जबकि 20 जून के आसपास प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो सकती हैं।

**सूरी पेट्रोल पंप वाली गली का नजारा ...**



शहर के ओल्ड रोहतक रोड, रेलवे रोड, एटलस रोड, मॉडल टाउन, आठ मरला चौक, गुरुद्वारा रोड, मामा-भांजा चौक, ककरोई रोड, वेस्ट रामनगर और सारंग रोड अंडरपास समेत कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। निकासी के अभाव में सड़कों पर लंबे समय तक पानी जमा रहा, जिससे यातायात प्रभावित हुआ


कालूपुर चुंगी के पास

### जिले में ब्लाक वाइज बरसात

सोनीपत 28
गोहाना : 14
गन्नौर : 22
खरखौदा : 3
राई : 8
खानपुर कलां : 18
(नोट : बरसात एमएम में)




आठ मरला चौक

### आंधी में 15 पोल और 22 पेड़ धराशाई



**खरखौदा।** हाल ही में आई आंधी और बारिश से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था और वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। बिजली निगम के अनुसार तेज आंधी के कारण 15 बिजली पोल गिर गए, जिनमें 5 हाई टेंशन (एचटी) और 10 लो टेंशन (एलटी) लाइन के पोल शामिल हैं। इसके अलावा सात अन्य पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई, लेकिन विभाग की टीमों ने मरम्मत कार्य कर आपूर्ति बहाल कर दी। एसडीओ ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोलों को जल्द बदल दिया जाएगा। वहीं, आंधी के कारण मटिंडू, सिसाना और आसपास के गांवों में करीब 22 पेड़ भी गिर गए हैं। वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे शुरू कर क्षति का आकलन करना शुरू कर दिया है

## डीक्रस्ट में डीन की नियुक्ति पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ वरिष्ठता और रोटेशन प्रणाली की अनदेखी का आरोप, राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीक्रस्ट) मुरथल में डीन नियुक्ति को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। डीक्रूटा के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह पर विश्वविद्यालय अधिनियम और वरिष्ठता आधारित रोटेशन प्रणाली की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। डीक्रूटा द्वारा राज्यपाल एवं कुलाधिपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कार्यालय आदेश संख्या 272 दिनांक 11 जून 2026 के तहत प्रो. अमित कुमार गर्ग को फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का डीन नियुक्त किया गया, जबकि रोटेशन और वरिष्ठता के आधार पर यह पद प्रो. मनोज कुमार को मिलना चाहिए था। यूनियन का आरोप है कि मई में पूर्व डीन प्रो. एसके गुप्ता के सेवानिवृत्त होने के बाद भी नियमों का पालन नहीं किया गया। डीक्रूटा ने यह भी आरोप लगाया कि अक्टूबर 2025 में भी इसी प्रकार जूनियर प्रोफेसर की नियुक्ति की गई थी। संगठन ने राज्यपाल से नियुक्ति की समीक्षा कर 11 जून 2026 का आदेश रद्द करने तथा विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुरूप नई नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने तुरंत हस्ताक्षेप की मांग की है।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग पर 5 दुकानों के 7500 रुपये के चालान

**नगर निगम की टीम ने सेक्टर-14 और सेक्टर-12 में चलाया अभियान**

**फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाई गई पांच रेहड़ियां और सामान जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलीथिन पर रोक के बावजूद कुछ दुकानदार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने सेक्टर-14 बाजार में अभियान चलाकर पांच दुकानदारों के कुल 7500 रुपये के चालान किए। इसके बाद सेक्टर-12 में फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाई गई पांच रेहड़ियां और उनका सामान जब्त कर निगम के स्टोर में रखवाया गया।

**मुख्य बाजार में कार्रवाई :** नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने सेक्टर-14 के मुख्य बाजार में निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले पांच दुकानदारों के 1500-1500 रुपये के चालान किए गए। मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह ने बताया कि दुकानदारों को पहले ही प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद कुछ दुकानदार नियमों का उल्लंघन करते मिले। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। दुकानदारों को दोबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।


**सोनीपत।** सेक्टर-14 में पॉलीथिन का चालान करते नगर निगम की टीम।

## गाद से जाम हुईं तीन मोटरें लाइनपार में निकासी प्रभावित



■ ककरोई रोड सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का मेयर ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के मैन पंपिंग स्टेशन (एमपीएस) की पाइपलाइन में गाद भर जाने से तीनों मोटरें जाम हो गईं। इसके चलते शहर के लाइनपार क्षेत्र में सीवरेज पानी की निकासी प्रभावित हो गई और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। मोटरों के बंद होने से रवि धर्म कांटा वाली गली, सरदारों वाली गली, इंडियन कॉलोनी, मयूर विहार तथा सेक्टर-23 की मुख्य सड़क पर सीवरेज का पानी जमा हो गया। सूचना मिलने पर नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और निगम आयुक्त सहित अधिकारियों को समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद पाइपलाइन की सफाई करवाई गई, जिससे दो मोटरें चालू हो गईं और पानी की निकासी शुरू हो गई। मेयर ने तीसरी पाइपलाइन की भी सफाई कर तीसरी मोटर जल्द चालू करने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव न हो।

# जिले को बड़ी सौगात, नागरिक अस्पताल में होंगे 300 बेड

**ये होगा फायदा**

■ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को सरकार की हरी झंडी, मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार

■ विस में विधायक मदान उठा चुके थे मांग, मरीजों को मिलेगी राहत

■ गंभीर मरीजों को अब रेफर नहीं करना पड़ेगा, निजी अस्पतालों पर निर्भरता घटेगी

■ नए वार्ड, आधुनिक उपकरण और अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने सोनीपत के नागरिक अस्पताल की बेड क्षमता 200 से बढ़ाकर 300 करने को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और अस्पताल पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। नागरिक अस्पताल में कई बार दो मरीजों का एक ही बेड पर उपचार होने का मामला सामने आ चुका है। इसको लेकर विधायक निखिल मदान कई बार विधानसभा सत्र में अस्पताल की सुविधाओं का विस्तार करने की मांग उठा चुके थे। सरकार ने उनकी मांग पर मरीजों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया है। साथ ही अब सपने साकार होने का इंतजार खत्म होता नजर आ रहा है। जिला नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 2000 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। बेड की कमी के कारण कई बार गंभीर मरीजों को खानपुर कलां मेडिकल कॉलेज या पीजीआई रोहतक रेफर करना पड़ता था। अब बेड क्षमता बढ़ने से मरीजों को जिले में ही बेहतर इलाज मिल सकेगा।




### बजट सत्र में मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अस्पताल के उन्नयन की घोषणा इस वर्ष के बजट सत्र में की गई थी। अधिकारियों के अनुसार विस्तार योजना के तहत नए वार्डों का निर्माण, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता तथा अतिरिक्त डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। इससे मरीजों और उनके परिजनों का आर्थिक व मानसिक बोझ कम होगा तथा निजी अस्पतालों पर निर्भरता भी घटेगी।

पांचवीं पुण्यतिथि

स्व. चौ. रघबीर सिंह सहरावत
(10.01.1941 to 13.06.2021)
श्री रघबीर सिंह सहरावत जी आज ही के दिन सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु के चरणों में विलीन हो गये थे। आपका बिछोह हम सब के लिए असहनीय व पीड़ादायक है। आपकी मधुर स्मृति ही अब हमारी धरोहर है।
श्रद्धावनत् एवं निवेदनकर्ता
श्रीमती मूर्ति देवी (धर्मपत्नी)
डॉ. अनिल सहरावत (पुत्र) संयुक्त निदेशक (कृषि), पंचकूला
अरुण सहरावत (पुत्र)
शक्ति सहरावत (पुत्र)
निवासः 695/27 वेस्ट रामनगर सोनीपत



# अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

# भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला




# ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



# टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



# नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

## टीवी मसाला



# दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

# 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

# इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपित विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

## जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाईं थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप


गोहाना। मोहित वाल्मीकि को सम्मानित करते मंच के सदस्य।

### आंबेडकर समाज कल्याण मंच ने मोहित को किया सम्मानित

**गोहाना।** हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य नियुक्त होने पर मोहित वाल्मीकि को शुक्रवार को अंबेडकर समाज कल्याण मंच की गोहाना इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। मोहित वाल्मीकि को हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनके पिता संतराम वाल्मीकि एक वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। आयोग का सदस्य नियुक्त करने पर मोहित वाल्मीकि को आंबेडकर समाज कल्याण मंच की गोहाना इकाई के प्रतिनिधि रणजीत मुंडलाना, मास्टर रमेश लाठ, सामाजिक कार्यकर्ता विजय खन्दराई, मास्टर राजेश दुग्गल, मास्टर राजेन्द्र वैध, मास्टर अनिल गगेसर व सोमबीर मुंडलाना ने सम्मानित किया।


खरखौदा। रक्तदान करते हुए दंपति का फाइल फोटो।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर आशीष-पारुल होंगे सम्मानित

**खरखौदा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को जिला प्रशासन द्वारा खरखौदा उपमंडल के गांव सिसाना निवासी दंपति आशीष दहिया एवं पारुल दहिया को रक्तदान, समाजसेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हैबिटेट क्लब, सोनीपत में सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच में कार्यरत आशीष दहिया अब तक 170 बार तथा पारुल दहिया 18 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर चुके हैं। दोनों ने मिलकर 250 से अधिक रक्तदान शिविरों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिनके माध्यम से हजारों जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया गया है। दोनों ने मृत्यु उपरांत अंगदान एवं देहदान का भी संकल्प लिया है।

शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर की अध्यक्षता में जिले के सभी डिप्टी डीईओ, बीईओ, बीआरसी, सीआरसी हेड, एबीआरसी, एएम, बीआरपी की बैठक

# विद्यालय खुलते ही उच्च अधिकारी करेंगे निरीक्षण

## खामियां मिलने पर प्रबंधकों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

- बैठक में मई माह में किए गए अधिकारियों के स्कूलों के निरीक्षण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर की चर्चा
- डिप्टी डायरेक्टर ने अतिरिक्त मुख्य सचिव के सभी विद्यालयों में आधारभूत एवं मूलभूत आवश्यकताओं रूपी संदेश से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जितेंद्र गौड़ ने जिले के सभी अधिकारियों को आगामी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सोनीपत के किसी भी राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय खुलने से 3 दिन पहले सभी विद्यालय मुखिया व प्रबंधक साफ-सफाई का जायजा स्वयं जाकर लें। अगर जुलाई माह में निरीक्षण के दौरान किसी भी विद्यालय में शौचालय की सफाई, उनमें पानी की सुविधा, पेयजल व्यवस्था, प्रांगण की साफ-सफाई, छात्र नामांकन, लाइब्रेरी, साइंस लैब, साइंस प्रयोग उपकरण, विभाग से प्राप्त प्रोटीन बार, मिल्क पाउडर, सेनेटरी नैपकिन आदि स्टॉक के सही रिकॉर्ड नहीं पाया गया, तो इसके लिए विद्यालय मुखिया व संबंधित प्रभारी के खिलाफ निश्चित तौर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गोहाना रोड स्थित इंडियन मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जितेंद्र गौड़ की अध्यक्षता, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के निर्देशन, सीएमजीजीए प्रखर की उपस्थिति में बैठक की गई। बैठक में सोनीपत के सभी उप जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, सीआरसी हेड, एबीआरसी, एएम, बीआरपी शामिल हुए। इस दौरान सभी राजकीय विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित महत्वपूर्ण पांच तत्वों पर गंभीरतापूर्ण निर्देश जारी किए गए। साथ ही डिप्टी डायरेक्टर जितेंद्र गौड़, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, सीएमजीजीए प्रखर, डायट प्राचार्य सुजाता खत्री, सभी उप जिला शिक्षा अधिकारियों व खंड शिक्षा अधिकारियों ने मई माह में विद्यालयों के किए गए निरीक्षण के बाद मिले सभी बिंदुओं पर चर्चा की।


सोनीपत। गोहाना रोड स्थित इंडियन मॉडर्न विद्यालय में बैठक के दौरान मौजूद शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, सीआरसी हेड व अन्य।

### अधिकारियों ने सुधारात्मक बिंदुओं पर दिए सुझाव

इसके अलावा जितेंद्र गौड़ ने अतिरिक्त मुख्य सचिव के संदेश से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में आधारभूत एवं मूलभूत आवश्यकताएं जैसे अच्छी अवस्था में शौचालय, पेयजल, साइंस लैब, डिजिटल बोर्ड, विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता, छात्र नामांकन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा अधिकारियों ने मई माह में विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान पाए गए सुधारात्मक बिंदुओं पर भी अपने सुझाव व्यक्त किए। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि 25 जून से सभी सीआरसी मुखिया अपने अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के मुखिया व शिक्षकों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण बिंदुओं से परिचित करवाते हुए आगामी रणनीति तैयार करें।

### बजट के प्रयोग पर होगी अधिकारियों की नजर

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान विज्ञान विषय के सभी अध्यापक एवं प्राध्यापकों से साइंस लैब में प्रयोग करवाकर देखे जाएंगे। विद्यालय में साइंस, गणित एवं सामाजिक अध्ययन से संबंधित विषयों के लिए समग्र शिक्षा की ओर से जारी की गई ग्रांट में किस प्रकार की विषय वस्तु सामग्री उपलब्ध कराई गई है, इसका भी निरीक्षण किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि विद्यालय प्रबंधकों किस प्रकार बजट का प्रयोग किया है, ताकि विद्यार्थियों को सुविधा मिल सके।


गोहाना। मंत्री को मांगपत्र सौंपते हुकटा प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

# हुकटा ने सेवा सुरक्षा विधेयक की मंजूरी की मांग उठाई

## अनुबंधित शिक्षकों की मांग न्यायोचित

- हुकटा प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हुकटा ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों एवं शिक्षकों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रस्तावित सेवा सुरक्षा विधेयक के ड्राफ्ट को शीघ्र अनुमोदित कर आगामी मंत्रिमंडल एवं विधानसभा से पारित कर अधिनियम के रूप में लागू करने की मांग की। इसके लिए हुकटा प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को मांगपत्र सौंपा।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान मंत्री को अपना मांगपत्र सौंपा। हुकटा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार के अनुसार मंत्री ने हुकटा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में लंबे समय से सेवाएं दे रहे अनुबंधित शिक्षकों की मांग न्यायोचित है।

वह इस विषय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं संबंधित उच्च अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा करेंगे तथा जॉब सिक्योरिटी संबंधी फाइल को शीघ्र स्वीकृति दिलवाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। हुकटा के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. सुशीला, डॉ. पूनम, डॉ. मीनू, डॉ. मनीषा, डॉ. कोमल, डॉ. सुमन, डॉ. संदीप कुमार एवं डॉ. पूनम सहित अन्य अनुबंधित शिक्षक शामिल रहे।

- अत्याचार का विरोध करने वाले एक महान योद्धा थे संत गुरु हरगोबिंद सिंह : चिन्दा

# गुरु हरगोबिंद सिंह को जयंती पर श्रद्धांजलि देकर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क के समीप स्थित मुख्य गुरुद्वारे में शुक्रवार को गुरु हरगोबिंद सिंह की जयंती मनाई । समारोह में नागरिकों ने गुरु हरगोबिंद सिंह को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता गुरुद्वारा सिंह सभा के उपाध्यक्ष जगदीश चिन्दा ने कहा सिखों के छठे गुरु हरगोविंद सिंह साहिब अत्याचार का विरोध करने वाले एक महान योद्धा संत थे। गुरु हरगोबिंद सिंह ने सिख समुदाय में आध्यात्मिक और राजनीतिक सैन्य शक्ति की अनूठी परंपरा मीरी और पीरी शुरू की और मुगलों के खिलाफ चार सफल युद्ध लड़े। अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के सामने अकाल तख्त की स्थापना की। समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद रमेश मेहता ने की। उन्होंने कहा गुरु हरगोबिंद सिंह ने सम्राट जहांगीर के खिलाफ आवाज उठाई। जब उन्हें ग्वालियर के किले में कैद से रिहा किया गया तब उन्होंने अपने साथ 52 राजाओं को रिहा करवाया जिससे वे बंदी छोड़ दाता कहे गए। भाई जसवीर सिंह, समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा आदि मौजूद रहे।


गोहाना। गुरु हरगोबिंद सिंह को याद करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

- 14वीं राज्यस्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन कुरुक्षेत्र में किया

# राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल ने कब्जाए 28 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कुरुक्षेत्र में आयोजित 14 वीं हरियाणा राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में प्रताप विद्यालय, खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 4 रजत एवं 9 कांस्य पदकों सहित कुल 28 पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। सीनियर वर्ग में कुनाल राठी (45-50 किग्रा), अभिषेक (75-80 किग्रा) एवं गौतम (90-95 किग्रा) ने स्वर्ण पदक हासिल किए।

इसके अलावा अंकित (80-85 किग्रा) ने रजत एवं शुभम (70-75 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। जूनियर वर्ग में तन्न्या (43-47 किग्रा), शुभम (51-55 किग्रा), हर्षित (75-79 किग्रा), वंशु दहिया (79-83 किग्रा) एवं निखिल दहिया (87-100 किग्रा) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। वहीं देवांश (71-75 किग्रा) ने रजत तथा कार्तिक (55-59 किग्रा), सौरभ (39 किग्रा से कम) एवं अतिक (63-67 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।


खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

- विद्यालय पहुंचने पर विजेताओं का स्वागत किया

### ये रहे विजेता

सब जूनियर वर्ग में आशीष सैनी (30-33 किग्रा), समीक्ष मान (36-39 किग्रा), सत्यम (45-48 किग्रा), जीतन (51-54 किग्रा), धीरज (54-57 किग्रा), कार्तिक धामिया (57-60 किग्रा), दिव्यांश चौधरी (60-63 किग्रा) एवं यश (33-36 किग्रा) ने स्वर्ण पदक हासिल किए। जबकि आशीष मलिक (51-54 किग्रा) एवं हर्ष (54-57 किग्रा) ने रजत तथा चिराग नंद्रा (33-36 किग्रा), अमोल खटाना (45-48 किग्रा) एवं मानविक यादव (39-42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। प्री-टीन वर्ग में दक्ष (26-28 किग्रा) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। कोच जगमेंद्र पंचाल एवं खिलाड़ियों के अभिभावकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।


गोहाना। नागरिकों के साथ पौधरोपण करती नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

### पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में चलाया स्वच्छता अभियान

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) चेयरपर्सन रजनी विरमानी के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रातः पुरानी सब्जी मंडी के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गोहाना को साफ-सुथरा बनाने के लिए सफाई की गई। इसके पश्चात मदन लाल धींगड़ा पार्क में पौधारोपण किया गया। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण के प्रति जागरूक होना चाहिए। आज हमारे द्वारा लगाया गया एक पौधा भविष्य में अनेक लोगों को स्वच्छ वायु और बेहतर वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर वार्ड 9 के पार्षद मुकेश देवगन व नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- मदन लाल धींगड़ा पार्क में किया गया पौधरोपण


गोहाना। प्रदर्शनी का अवलोकन करते एसडीएम अंकित कुमार।

### सरकार की 12 वर्षों की विकास यात्रा प्रदर्शनी से प्रदर्शित

**गोहाना।** प्रदेश सरकार के 12 वर्षों के विकास, जनकल्याणकारी नीतियों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेक्टर-7 स्थित कम्युनिटी सेंटर, में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया । एसडीएम अंकित कुमार, नायब तहसीलदार सतीश कुमार व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएम गुड गवर्नेंस एसोसिएट) ओमवीर वत्स ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्टॉलोंक अवलोकन किया। एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को आमंत्रित करने तथा उन्हें उनके विभागों की अधिकतम जानकारी देने के आवश्यक निर्देश दिए। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी नागरिकों को विस्तारपूर्वक प्रदान की। सीडीपीओ सुशीला, बीईओ लवल किशोर, एएफएसओ राजेश हुड्डा, कृषि विभाग से बीएओ जिनेन्द्र, बिजली विभाग से जसवंत, रोजगार विभाग से विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### जीटी रोड पर निर्माणाधीन कार्यालय पर चला डीटीपी का पंजा, अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई


गन्नौर। जीटी रोड पर निर्माणाधीन कार्यालय को तोड़ती जेसीबी।

**गन्नौर।** महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने शुक्रवार को क्षेत्र में अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीटी रोड पर निर्माणाधीन एक कार्यालय को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के बाद कार्यालय मालिक ने विरोध जताते और विभाग पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। अवैध कालोनी काटने वालों व अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा एसएमडीए द्वारा अवैध कालोनीध्निर्माण को किसी भी समय नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। कार्रवाई के दौरान विभाग ने टेहा गांव की जमीन में मंडी के साथ विकसित की जा रही एक कालोनी में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर भी शिकंजा कसा। यहां कई प्लाटों की रखी गई नींव को जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया गया।


सोनीपत। पार्क में योग करते स्थानीय निवासी। फोटो : हरिभूमि

### कर्म, ज्ञान, भक्ति और क्रिया का संगम है योग : लक्ष्मीनारायण

**सोनीपत।** मिशन फिट सोनीपत के तहत जिले में प्रशासनिक स्तर और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा 12वें योग दिवस की तैयारियां जारी हैं। मॉडल टाउन स्थित लेडीज पार्क में आयोजित योग सत्र के दौरान लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के जिला प्रधान एवं सूर्यनमस्कार के डबल वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने साधकों को सामान्य योग प्रोटोकॉल की जानकारी दी और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। लक्ष्मीनारायण ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की उत्कृष्ट विधा है, जो व्यक्ति के शरीर, मन, भावनाओं और ऊर्जा के स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि योग को कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग और क्रियायोग के रूप में विभाजित किया गया है। नियमित रूप से आसन, प्राणायाम और सूक्ष्म व्यायाम करने से अनेक बीमारियों की रोकथाम तथा स्वास्थ्य लाभ संभव है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास प्रार्थना या स्तुति से शुरू करना चाहिए और निर्धारित सावधानियों का पालन करते अपनी क्षमता के अनुसार अभ्यास करना चाहिए।

**परेशानी** ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पक्का रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग

मंडी कर्मचारियों की आनाकानी और अन्य परेशानियों का सामना करने का मजबूर

# नए श्मशान घाट तक रास्ता नहीं, अंतिम संस्कार के लिए भटक रहे टेहा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव टेहा के ग्रामीणों को श्मशान घाट की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा गांव के लिए पंचायत की करीब एक एकड़ भूमि में नए श्मशान घाट की व्यवस्था तो कर दी गई, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए आज तक रास्ता उपलब्ध नहीं कराया गया। ऐसे में ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए जल्द पक्का रास्ता उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने बताया कि गांव का पुराना शमशान घाट अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी परिसर में स्थित है। मंडी निर्माण के दौरान भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में शमशान घाट भी मंडी परिसर का हिस्सा बन गया था। हालांकि ग्रामीण आज भी उसी स्थान पर अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें कई बार मंडी कर्मचारियों की आनाकानी और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण सुरेश, पवन, मानू का आरोप है कि शोक की घड़ी में भी उन्हें आवागमन को लेकर दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। वहीं पंचायत द्वारा नए शमशान घाट का निर्माण तो किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन द्वारा रास्ता उपलब्ध न करवाए जाने के कारण वह पुराने शमशान घाट पर ही निर्भर हैं।


गन्नौर। ग्राम पंचायत द्वारा नई जमीन पर बनाया जा रहा श्मशान घाट। फोटो : हरिभूमि

### जमीन दिलवाने का प्रयास करेंगे

ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष समस्या रख चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नए शमशान घाट तक पक्का रास्ता उपलब्ध करा दिया जाए तो वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि वह इस बारे में बीडीपीओ से बात कर जल्द से जल्द रास्ते के लिए जमीन दिलवाने का प्रयास करेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए : मीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- भाजपा नेत्री मीना नरवाल के नेतृत्व में फरमाणा में कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकारी नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत भाजपा नेत्री मीना नरवाल के नेतृत्व में फरमाणा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दादा शोभनाथ मंदिर परिसर में ग्राम वासियों से संवाद करते हुए भाजपा जिला सहसंयोजक मीना नरवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। पिछले 12 वर्षों में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिनका परिणाम आज पूरे देश के सामने है। उन्होने कहा कि वर्ष 2014 में भारत विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सदियों से करोड़ों लोगों की यह भावना थी कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक सपना साकार हुआ है।


खरखौदा। जन संवाद करते हुए भाजपा नेत्री मीना नरवाल। फोटो : हरिभूमि

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत भगत फूल सिंह महिला विवि में योग अभ्यास कार्यक्रम

# स्वस्थ जीवन और मानव कल्याण का आधार है योग : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में जिला स्तरीय योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोडऩे वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह स्वस्थ जीवनशैली और मानव कल्याण का आधार है। हजारों वर्षों से योग मानव जीवन को संतुलन, सकारात्मकता, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मार्ग दिखाता आया है। आज योग भारत की सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया में मानव कल्याण का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रयासों के कारण आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ चुका है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए प्रस्ताव को रिकॉर्ड 177 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री ने अपने सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण किए हैं और देश निरंतर विकसित भारत के संकल्प की ओर अग्रसर है। मंत्री ने विवि की छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान महिला शिक्षा और सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। यहां से निकलने वाली बेटियां देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं।




गोहाना। मंत्री कृष्ण लाल पंवार को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए जिला उपायुक्त नेहा सिंह और कुलपति प्रो. सुदेश व प्रतिभागियों के साथ योग करते हुए मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

### व्यायामशालाओं को कर रही मजबूत

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार योग और आयुष प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके लिए आयुष विभाग के बजट में 135 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में लगभग 6500 गांवों में व्यायामशालाएं स्थापित की जा चुकी है, जिनमें से 883 व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा 859 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति की गई है तथा प्रदेश में 397 आयुष औषधालय और 109 उप-स्वास्थ्य केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं।

### बनेंगी अटल ई-लाइब्रेरी, इंडोर जिम

मंत्री ने बताया कि प्रदेश की 6225 ग्राम पंचायतों में युवाओं और विद्यार्थियों के लिए अटल ई-लाइब्रेरी स्थापित करने का अभियान चलाया जा रहा है। इन लाइब्रेरियों में कंप्यूटर, वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, फर्नीचर तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को फिटनेस के लिए प्रेरित करने हेतु गांवों में इंडोर जिम स्थापित किए जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव में खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

### कार्यक्रम में ये गणमान्य व्यक्ति रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा, उपायुक्त नेहा सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा, एसडीएम गोहाना अंकित कुमार, एसडीएम खरखौदा अमित कुमार, महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, सीईओ जिला परिषद डॉ. अनमोल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

ओल्ड रोहतक रोड पर मिर्च मंडी से कालूपुर चुंगी तक क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति पर लोगों ने उठाए सवाल

# पुराने शहर में 120 घंटे से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति फेल नारकीय बना जनजीवन, स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

- सिटी थाना से कालूपुर चुंगी तक वक्त के साथ पुरानी हो चुकी है पेयजल लाइन, नगर निगम अब दुरुस्त करवाने पर खर्चेगा 50 लाख रुपये

▶▶ निगम ने काम शुरू करवाने के लिए पूरी की टेंडर प्रक्रिया, मानसून को देख लोगों की राय जानकर शुरू करवाया जाएगा काम
▶▶ लोगों का आरोप सप्लाई में 5 दिन आ रहा दूषित पानी, किसी भी कार्य में नहीं कर सकते प्रयोग, दूषित पानी में शैंपू की तरह बन रहे झाग
▶▶ आमजन की मूलभूत सुविधाओं पर भी नहीं दिया जा रहा ध्यान, गांव छोड़ो शहर में भी पूर्ण व्यवस्थाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिटी पल्स

ओल्ड रोहतक रोड पर मिर्च मंडी से कालूपुर चुंगी तक पुराने शहरी क्षेत्र में इन दिनों स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के दावे फेल दिख रहे हैं। दूषित पानी की आपूर्ति होने से लोगों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हालात यह बने हैं कि क्षेत्रवासियों के लिए गर्मी के मौसम के बीच पेयजल किल्लत की समस्या उत्पन्न होने लगी है। साथ ही दिनचर्या के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों ने दूषित पानी की आपूर्ति पर नगर निगम प्रबंधन पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि एक ओर निगम क्षेत्र में पेयजल-सीवर कनेक्शनों के लिए विशेष शिविर लगाकर आवेदन जमा करवाए जा रहे हैं, वहीं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का दावा केवल कागजों में नजर आ रहा है।

स्थानीय निवासी सचिन कुमार, प्रवीण कुमार, रवि, ओमप्रकाश, नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुराने शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति फेल है। लगातार 5 दिन अर्थात 120 घंटों से मिर्च मंडी से कालूपुर चुंगी तक के क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति से उनका जीवन नारकीय बनने लगा है। आरोप है कि पानी की सप्लाई मिलने के बावजूद यह पानी पीने लायक तो दूर, इसे रोजमर्रा के कार्यों में भी प्रयोग नहीं किया जा सकता है। बदबूदार काला झागदार पानी आपूर्ति होने से उनके रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हरे-काले रंग के इस पानी में शैंपू की तरह झाग बन रहे हैं। जहां वह पेयजल-सीवर कनेक्शनों के नाम पर निगम को लाखों रुपये दे रहे हैं, वहीं उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।




### खरीदकर पीना पड़ रहा पानी

लोगों का आरोप है कि प्रशासन व नगर निगम प्रबंधन का आमजन की मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान नहीं है। ग्रामीण अंचल छोड़ो, शहर में ही पूर्ण सुविधाओं, व्यवस्थाओं का अभाव है। समस्या का सुधार करवाने के लिए कई बार नगर निगम अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अधिकारी उनकी एक सुनने को तैयार नहीं हैं। लोगों को बाहर से कैंपर खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है।

### पाइपलाइन हुई पुरानी

अधिकारियों की मानें तो दूषित पेयजल आपूर्ति का मुख्य कारण सिटी थाना से कालूपुर चुंगी तक वक्त के साथ पुरानी हो चुकी पेयजल पाइपलाइन है। इस क्षेत्र में काफी समय पहले पाइपलाइन को डाला गया था, वो वक्त के साथ कई जगह गलने के साथ खराब हो चुकी है। दूषित आपूर्ति का कारण यह भी हो सकता है कि कहीं पेयजल पाइपलाइन गलने के बाद सीवर लाइन के साथ अटैच हो चुकी हो। इसके लिए नगर निगम की ओर से सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है। करीब 3-4 जगह खोदाई करवाकर पाइपलाइन की जांच करवाई जा रही है।

### स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए 50 लाख खर्च की तैयारी

नगर निगम की ओर से पुराने शहर के लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए जल्द 50 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। निगम ने उक्त राशि से सिटी थाना से कालूपुर चुंगी तक पुरानी पेयजल पाइपलाइन को बदलवाने का निर्णय लिया है। योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए निगम ने टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। फिलहाल मानसून का मौसम सिर पर होने के चलते नगर निगम मेयर राजीव जैन व अधिकारियों स्थानीय लोगों से इस बात पर मशवरा ले रहे हैं कि पाइपलाइन बदलवाने का कार्य अब शुरू करवाया जाए या बाद में। निगम ने लोगों की सुविधा को देखते हुए विचार-विमर्श करने व लोगों के सुझाव लेने के बाद ही काम शुरू करने का निर्णय लिया है।



क्षेत्र में करीब 5 दिन से दूषित पेयजल आपूर्ति कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। दूषित पानी के कारण लोगों को चर्म रोग के साथ कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। पानी पीने लायक छोड़िए, किसी भी कार्य में उपयोग करने योग्य नहीं है। अधिकारियों को लोगों की समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

-डॉ. सुरेश कालड़ा, शहरवासी



शहर में लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराने के बावजूद लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है। दूषित पेयजल आपूर्ति कर सरेआम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन को जल्द इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

-प्रवीण गोयल, शहरवासी



शहर के कालूपुर चुंगी क्षेत्र में दूषित पेयजल आपूर्ति का मामला सामने आया है। निगम ने लोगों की समस्या के लिए सर्च अभियान शुरू किया है, निगम कर्मी कई जगह पेयजल पाइपलाइन की जांच कर रहे हैं, जल्द ही समस्या को दूर करवाया जाएगा। कार्य के लिए 50 लाख का बजट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया पूरी की।

-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत

## ऋषि कॉलोनी पहुंचे विधायक निखिल, सुनीं समस्याएं



सोनीपत। ऋषि कॉलोनी में पहुंचें विधायक स्थानीय निवासियों के बीच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने शुक्रवार को नगर निगम वार्ड नंबर-5 की ऋषि कॉलोनी का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

स्थानीय निवासी राकेश मास्टर ने विधायक को बताया कि ऋषि कॉलोनी की गली नंबर-10 में सीवरेज सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे दूषित पानी के जलभराव की समस्या बनी रहती है। उन्होंने बताया कि गली में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन भी नहीं बिछाई गई है और सड़क अभी तक कच्ची है। क्षेत्रवासियों ने गली में सीवरेज लाइन, पेयजल पाइपलाइन और पक्की सड़क निर्माण की मांग रखी। समस्याएं सुनने के बाद विधायक निखिल मदान ने मौके पर ही संबंधित नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गली नंबर-10 में सीवरेज लाइन बिछाने, पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन डालने तथा गली को पक्का करने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने को कहा। इस अवसर पर मुकेश सैनी, नरेश कुमार, राकेश मास्टर, सुभाष, रमेश, धर्मवीर नागर और तिलक राज सहित अनेक स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## केमिस्ट एसो. ने छबील लगाकर बुझाई प्यास



गोहाना। शुक्रवार को गोहाना केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं आमजन के लिए शीतल जल सेवा के लिए छबील लगाई गई। एसोसिएशन द्वारा पुराने बस अड्डे पर केमिस्ट चौक में छबील लगाकर जनसेवा का संदेश दिया। छबील पर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप चहल, एसएन गुप्ता, उपाध्यक्ष एवं सचिव सुरेश बजाज, खजांची हरि प्रकाश गुप्ता, संगठन सचिव रमेश अरोड़ा, प्रेस प्रवक्ता सुरेश परूथी, ओमप्रकाश जैन, सुभाष मालिक, रविंदर आहुजा, प्रेमलता बजाज, नितेश शर्मा, मनीष गोयल, शिवम गोयल (खजांची, सोनीपत केमिस्ट एसोसिएशन), अमन मालिक, अनमोल बब्बर, रामजी व दीपक अरोड़ा (ऑडिटर, जिला सोनीपत केमिस्ट एसोसिएशन) ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## बार एसोसिएशन के चुनाव 11 सितंबर को

सोनीपत। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल की ओर से प्रदेश की सभी बार एसोसिएशनों के वार्षिक चुनावों का कार्यक्रम घोषित किए जाने के साथ ही जिला बार एसोसिएशन सोनीपत के चुनावों का रास्ता साफ हो गया है। जारी किए गए चुनावी शेड्यूल के मुताबिक सोनीपत बार एसोसिएशन सहित हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की सभी बार एसोसिएशनों के चुनाव 11 सितंबर शुक्रवार को कराए जाएंगे। प्रक्रिया के तहत चुनाव में वोट डालने के इच्छुक वकीलों को 23 जुलाई तक अपनी वार्षिक सदस्यता फीस जमा करानी होगी और साथ ही अपना शपथ पत्र भी सौंपना होगा। इसके बाद 3 अगस्त तक योग्य वोटरों की लिस्ट बार काउंसिल को भेज दी जाएगी। वोटर लिस्ट को लेकर आने वाली आपत्तियों के समाधान के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। बार काउंसिल की तरफ से साफ किया गया है कि इस बार भी वन वोट-वन बार का नियम पूरी तरह लागू रहेगा। इसके साथ ही केवल पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल में रजिस्टर्ड वकील ही वोट डाल पाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



सोनीपत। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण।

## सीएम विंडो पर शिकायतों का समयबद्ध समाधान करें अधिकारी

सोनीपत। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम विंडो पर आने वाली सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या देरी बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीना ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो नागरिकों और सरकार के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए शिकायतों का प्रभावी समाधान प्राथमिकता से किया जाए। वीसी के बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पूर्ण रूप से अपलोड करें। अधूरी एटीआर भेजने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, डीसीपी कुशल सिंह, संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, डॉ. अनमोल, सिमरन, सुशील शर्मा और कीर्ति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं के चैंबरों पर लगने लगे बिजली मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर कोर्ट कांप्लेक्स में बने अधिवक्ताओं के चैंबरों में बिजली मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। अधिवक्ताओं द्वारा बिजली कनेक्शन लेने की प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद बिजली निगम की टीम चैंबरों में मीटर स्थापित कर रही है। इसी बीच चैंबर आवंटन को लेकर हाईकोर्ट में लंबित मामले का हवाला देते हुए अधिवक्ता ने निगम की इस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए बिजली निगम को शिकायत दी है। अधिवक्ता अशोक सैनी ने बिजली निगम को शिकायत भेजकर इन चैंबरों में बिजली कनेक्शन जारी नहीं करने की मांग उठाई है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि विवादित चैंबरों को बिजली कनेक्शन दिए गए तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी।





गन्नौर। बार एसोसिएशन के चैंबर, कर्मी द्वारा लगाए जा रहे बिजली मीटर।

### विवादित चैंबरों पर आपत्ति

अधिवक्ता अशोक सैनी द्वारा बिजली निगम के एसडीओ को दी शिकायत में कहा कि गन्नौर कोर्ट कांप्लेक्स में बने चैंबरों की अलाटमेंट को वर्ष 2020 में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस संबंध में दायर रिट याचिकाएं अभी भी विचाराधीन हैं। मामले में हाईकोर्ट द्वारा स्टे आदेश दिया गया है तथा आदेशों की कथित अवहेलना को लेकर अवमानना की याचिका भी लंबित है। अशोक सैनी का कहना है कि विवादित चैंबरों में बिजली कनेक्शन जारी करना हाईकोर्ट के आदेशों के विपरीत होगा। उन्होंने निगम अधिकारियों से मांग की है कि मामले की स्थिति स्पष्ट होने तक किसी भी विवादित चैंबरों पर बिजली कनेक्शन न दिए जाएं।

### हाईकोर्ट ने कनेक्शन नहीं रोके

गन्नौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव त्यागी ने कहा कि हाईकोर्ट ने केवल नए चैंबरों के निर्माण और नए चैंबरों के आवंटन पर रोक लगाई है। बिजली कनेक्शन देने पर किसी प्रकार की रोक नहीं है। बहुत से अधिवक्ताओं ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत कनेक्शन के लिए आवेदन किए और कनेक्शन स्वीकृत भी हो गए। अब निगम द्वारा स्वीकृत कनेक्शनों पर बिजली मीटर लगाए जा रहे हैं।

### एसडीओ से करेंगे बातचीत

इस संबंध में एक्सईएन प्रवीन गर्ग ने बताया कि उन्हें शिकायत के संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं है। वह इस बारे में एसडीओ से बात कर जानकारी लेंगे।

कुंडली के विकास को मिलेगी नई गति, पालिका सदन की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

# कुंडली के विकास पर सरकार व नपा मिलकर कर रही कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

नगर पालिका कुंडली की साधारण बैठक शुक्रवार को राई स्थित एथनिक इंडिया में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शिमला देवी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हलका राई की विधायक कृष्णा गहलावत मौजूद रहीं। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष एवं नपाउपाध्यक्ष सहित नगर पालिका कुंडली की साधारण बैठक पार्षदों एवं मनोनीत सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में कुंडली क्षेत्र के तीन प्रमुख तालाबों दादा भैया, गुली वाला जोहड़ तथा प्याऊ मनियारी स्कूल के सामने स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा गया। इन स्थलों पर लोगों के लिए घूमने के रास्ते विकसित करने तथा आकर्षक स्वरूप देने पर सहमति बनी। इसके अलावा प्याऊ स्कूल के सामने छठ पूजा घाट के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। पालिका क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं दादा भैया मंदिर एवं स्कूल के सामने जलभराव की समस्या के समाधान के लिए पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई। युवाओं और खेल प्रेमियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिम उपकरणों की खरीद तथा भविष्य में स्टेडियम निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।



राई। हलका राई की विधायक कृष्णा गहलावत, नगर पालिका कुंडली की हाउस बैठक में संबोधित करते हुए ।

### लाइब्रेरी और कम्युनिटी सेंटर को मिली मंजूरी

बैठक में किला नंबर-155 में मल्टीपरपज हॉल अथवा कम्युनिटी सेंटर तथा पार्क निर्माण, किला नंबर-130 में आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित करने, जोहड़ों की जल निकासी व्यवस्था सुधारने तथा लांडा कॉलोनी स्थित नगर पालिका भूमि को कब्जामुक्त कर उसका सौंदर्यीकरण करने संबंधी प्रस्तावों पर भी सहमति बनी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि कुंडली के विकास के लिए सरकार और नगर पालिका मिलकर कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। बैठक के उपरांत विधायक ने सभी पार्षदों और पालिका प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में वार्ड-2 के पार्षद नरेश कुमार, वार्ड-3 के पार्षद हर्ष भारद्वाज, वार्ड-4 की पार्षद संगीता, वार्ड-5 के पार्षद निरंजन, वार्ड-6 की पार्षद रेखा देवी, वार्ड-7 की पार्षद नीलम, वार्ड-8 के पार्षद लक्ष्मण, वार्ड-9 की पार्षद पूनम, वार्ड-10 के पार्षद पंकज, वार्ड-11 के पार्षद प्रदीप, वार्ड-12 की पार्षद सुदेश रानी, वार्ड-13 की पार्षद ज्योति, वार्ड-14 की पार्षद अर्चना तथा वार्ड-15 के पार्षद प्रवीण मौजूद रहे। इसके अलावा मनोनीत सदस्य कपिल कौशिक और महाबीर सिंह ने भी बैठक में भाग लिया।